# उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
## प्रशासकीय परिषद्
### चौबीसवीं बैठक दिनांक 15–01–2021
### कार्यवृत्त

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 15–01–2021 को ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न चौबीसवीं बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| क्रमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री कृपा शंकर सिंह,<br>संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>लखनऊ। | प्रतिनिधि उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री मनोज कुमार,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 एस0पी0 बोरकर,<br>बी0जे0टी0आई0,<br>मुम्बई। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 के0एल0 महावर,<br>प्रोफेसर, लाइब्रेरी साइंस, बाबा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, विद्या विहार,<br>रायबरेली रोड, लखनऊ–226025 | सदस्य |
| 6. | डा0 शिखा सिंह,<br>एसोसिएट प्रोफेसर, सी0एस0जे0एम0यू0,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 7. | डा0 अनिल कुमार,<br>स्टेट प्रोजेक्ट एडवाइजर, टेकिप–।।।, उ0प्र0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 दीपू फिलिप,<br>प्रतिनिधि, निदेशक, आई0आई0टी0,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 9. | श्री अजय जौहरी,<br>अपर निदेशक,<br>पेंशन एवं कोषागार, एवं प्रतिनिधि वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग सदस्य |
| 10. | श्री श्रीगोपाल तुलस्यान,<br>प्रतिनिधि, वस्त्र उद्योग, | सदस्य |
| 11. | श्री जतिन वर्मा, | सदस्य |
| 12. | प्रो0 ए0के0 पात्रा,<br>प्रोफेसर टेक्सटाइल केमिस्ट्री विभाग,<br>यूपीटीटीआई,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 जे0बी0 नायक, | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| | निदेशक,<br>यू0आई0ई0टी0, के0बी0एन0एम0यू0,<br>जलगॉव। | |
| 14. | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह,<br>निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम प्रशासकीय परिषद के सदस्य सचिव द्वारा परिषद से उपाध्यक्ष महोदय के प्रतिनिधि के रूप में अध्यक्षता कर रहे संयुक्त सचिवा महोदय से 24वीं बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की। अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ाने की अनुमति प्रदान की।

24.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की तेईसवीं बैठक के कार्यवृत्त के पुष्टिकरण का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 05–11–2020 को ऑन लाईन माध्यम से सम्पन्न तेईसवीं बैठक के कार्यवृत्त का प्रशासकीय परिषद ने सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया।

24.02 05 नवम्बर, 2020 को सम्पन्न होने वाली तेईसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से मा0 प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।

उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की तेईसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से बिन्दुवार परिषद को अवगत कराया गया। मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा कुछ निर्देशों के साथ कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

24.03 मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

मा0 प्रशासकीय परिषद ने योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से अवगत हुई। रिट याचिका सं0 26442/2015 मुनेश कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य, रिट याचिका सं0 5742 (एसएस)/2015 उदयनारायण शर्मा बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य एव 4037(एसएस)/2016 श्री अरूण कुमार कटियार बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य के नरेटिव मा0 संयुक्त सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के विमर्श के पश्चात् ही प्रतिशपथ पत्र दाखिल किये जाने का निर्देश दिये। परिषद द्वारा रिट याचिका संख्या 27716/2018 विकास त्रिपाठी बनाम उ0प्र0

राज्य व अन्य में दिनांक 31.01.2021 तक अनिवार्यतः प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिये गये।

**24.04 संस्थान में ए0के0टी0यू0 द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम में हुई प्रगति से अवगत कराने एवं आगामी सत्र में की जाने वाली कार्यवाही पर अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव।**

संस्थान में ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम में हुई प्रगति का मा0 प्रशासकीय परिषद् ने अवलोकन किया एवं नवीन प्रस्तावों को इस शर्त के साथ सहमति प्रदान की गई कि प्रस्तावित कार्यों में होने वाले व्यय में क्रय नियमों एवं वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों में उल्लिखित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। किसी भी कार्य की द्विरावृत्ति न की जाय तथा प्रस्तावित कार्यों का अन्य योजनाओं से वित्त पोषण न कराया जाय। क्रय किये गये कम्प्यूटर/लैपटाप, हार्डवेयर व साफ्टवेयर व अन्य उपकरणों को स्टोर के स्टाफ रजिस्टर में प्रविष्टि दर्ज किया जाय और इसका विवरण कम्प्यूटरीकृत किया जाय।

**24.05 TEQIP-III के अन्तर्गत एवं संस्थान स्तर पर कृत कार्यवाही के अवलोकन एवं नवीन प्रस्तावों के अनुमोदन का प्रस्ताव।**

संस्थान में संचालित टेकिप–।।। परियोजना में हुई प्रगति का मा0 प्रशासकीय परिषद् ने अवलोकन किया एवं नवीन प्रस्तावों पर इस शर्त के साथ सहमति प्रदान की गयी कि उपकरणों का क्रय संगत क्रय नियमों के अधीन किया जाय और संस्थान के स्टाफ रजिस्टर में इनका विवरण दर्ज कराया जाय। ऐसे विवरणों का कम्प्यूटर में भी सुरक्षित रखा जाय जिससे द्विरावृत्ति का अवसर न उत्पन्न हो।6

**Proposed list of Item to be Procured**

| Sr. No. | Item Name | Qty. | Est. Amount ( In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Microsoft Cloud License | 01 | 12,68,000/- |
| 2 | Laptop for TC Department | 01 | 90,000/- |
| 3 | Digital Podium/Electronic Lectern for 1st floor placement cell | 02 | 8,35,000/- |
| 4 | Window AC for Computer Lab | 08 | 2,51,920/- |
| 5 | UPS 6KVA for Computer Lab | 02 | 2,80,000/- |
| 6 | UPS 0.8KVA for Computer Lab | 08 | 44,000/- |
| 7 | Desktop Computer for Computer Lab | 25 | 20,25,000/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | Computer Table for Computer Lab | 25 | 1,37,250/- |
| 9 | Computer Chair for Computer Lab | 25 | 1,37,000/- |
| 10 | Table for 1st floor placement cell | 03 | 54,000/- |
| 11 | Executive Chair for 1st floor placement cell | 10 | 1,61,500/- |
| 12 | Visitor Chair for 1st floor placement cell | 60 | 4,98,000/- |
| 13 | Student Chair for 1st floor placement cell | 40 | 3,28,000/- |
| 14 | Center Table for 1st floor placement cell | 02 | 26,400/- |
| 15 | Corner Table for 1st floor placement cell | 02 | 17,600/- |
| 16 | Interactive panel and accessories (86 inch) for 1st floor placement cell | 01 | 4,79,000/- |
| 17 | Television TV (55 inch) for 1st floor placement cell | 02 | 1,50,000 |
| 18 | PA Speaker for 1st floor placement cell | 04 | 1,00,000/- |
| 19 | Split AC 1.5 ton for 1st floor placement cell | 04 | 2,25,000/- |
| 20 | Stabilizer for 1st floor placement cell | 04 | 50,000/- |
| 21 | HDMI Cable (15 mtr.) for 1st floor placement cell | 01 | 20,000/- |
| 22 | Speaker cable (15 mtr.) for 1st floor placement cell | 01 | 20,000/- |

**24.06 संस्थान की प्रशासकीय परिषद में नामित नये सदस्य श्री जतिन वर्माजी से परिषद को परिचय कराने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद से श्री जतिन वर्मा का परिचय कराया गया।

**24.07 संस्थान के मृतक कर्मचारी श्री चकवर्ती लाल के आश्रित श्री गौरव निगम को सेवा में लिये जाने का प्रस्ताव।**

परिषद द्वारा उ0प्र0 मृतक आश्रित नियमावली तथा शासन द्वारा इस सम्बन्ध मे समय–समय पर निर्गत दिशा –निर्देशों के अधीन मृतक आश्रित के सेवायोजन के सम्बन्ध में निर्णय लेने हेतु संस्थान के निदेशक को अधिकृत किया गया।

**24.08 संस्थान एवं शासन के पक्ष को विभिन्न मा0 न्यायालयों में प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने हेतु अधिवक्ताओं को इनपैनल किये जाने के निर्णय में टंकण भूल के सुधार एवं समस्त अधिवक्ताओं का कार्य के आधार पर पारिश्रमिक निर्धारित करने का प्रस्ताव।**

उक्त निर्णय में टाइपिंग गलती के कारण "के स्थान पर" न होकर के "साथ ही" पढ़े जाने को अनुमोदन प्रदान किया। अधिवक्ताओं के कार्य की निम्न दरों पर अनुमोदन प्रदान किया।

**Fee Structure for Counsel For Contesting Cases in Hon'ble High Court**

| Sl.No. | Description of Work | Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1. | Counsel Fee | 10,000.00 |
| 2. | Legal Opinion | 2,000.00 |
| 3. | Clerk age @ 15% of the counsel fee 10% (as per Allahabad | 1,000.00 |

| | | |
|---|---|---|
| | High Court Rule 1952 | |
| 4. | Misc, Expenses for filling fresh writ petition on behalf of the institute (including typing, printing, photocopy, court fee and Affidavit in honorable single judge court. | 2,500.00 |
| 5. | Misc, Expenses for filling fresh special appeal before the Honorable single judge (including typing printing, photocopy, court fee, Affidavit, Steps & Postal Expenses) in honorable double judge court. | 3,500.00 |
| 6. | Misc, Expenses for filling fresh appeal before the State Court mission against the order passed by district Consumer Forum (including typing, printing, photocopy, court fee, Affidavit, Steps & postal expenses.) | 2,000.00 |
| 7. | Misc, Expenses for filling counter Affidavit Short counter affidavit/Rejoinder affidavit/ supplementary affidavit (including typing, printing, photocopy, court fee and Affidavit. | 1,350.00 |
| 8. | Misc, Expenses for filling application for vacation of the interim order/Application for taking of record/Application for listing etc.(including typing, printing, photocopy, court fee. | 675.00 |
| 9. | Caveat petition on behalf of the Utter Pradesh Textile Technology Institute, Kanpur. | 1,350.00 |

**24.09 संस्थान के आवासों में बिजली बिलों की दरों के अनुमोदन निर्धारित करने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा इस मद को वापस लेने के निर्देश दिये। शासन द्वारा अनुमनय दरों पर विद्युत बिल की धनराशि जमा करने के निर्देश दिये।

**24.10 संस्थान में जैम के माध्यम से इंगेज किये गये कार्मिकों/ऑपरेटरों को इंगेज किये जाने से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद अवगत हुई एवं वर्तमान दिशा –निर्देशों में अनुमन्य पारिश्रमिक दिये जाने पर सहमति प्रदान की गई।

**24.11 संस्थान की पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा विदेश जाने से अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।**

विजिलेन्स की आख्या प्राप्त करके निदेशक द्वारा अनुमति प्रदान किये जाने को अधिकृत किया। परिषद द्वारा यह निर्देश दिये गये विजिलेन्स की अनापत्ति प्राप्त की जाय तथा शासन के वर्तमान दिशा–निर्देशों के अधीन शर्तों की पूर्ति के फलस्वरूप सम्बन्धित को विदेश जाने की अनुमति पर विचार किया जाय।

24.12 संस्थान के डा0 शुभांकर मैति, सहायक प्रोफेसर (टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी) द्वारा अपने आवेदन पत्र के अग्रसारण हेतु प्रशासकीय परिषद से अनुमति प्राप्त किया जाना।

प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

24.13 टेकिप–3 संकाय सदस्यों को टेकिप के नियमों के अनुसार वेतन वृद्वि का प्रस्ताव।

माननीय प्रसाशकीय परिषद द्वारा टेकिप–3 संकाय सदस्यों को संस्थान की समिति द्वारा संस्तुति के अनुसार तीन प्रतिशत वृद्धि पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

24.14 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।

(अ) प्रशासकीय परिषद ने संस्थान के सदस्यों के प्रतिनिधि प्रो0 अरूण कुमार पात्रा का एक वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर उनके स्थान पर संकाय सदस्य को नामित किये जाने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद ने प्रो0 प्रशान्त विश्नोई को एक वर्ष के लिए प्रशासकीय परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया।

(ब) अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव द्वारा निदेशक के चयन पर प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सदस्य सचिव द्वारा संस्थान के निदेशक के लिए वर्ष 2014 एवं 2017 में हुये विज्ञापन में बी0टेक0, एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 टेक्सटाइल के क्षेत्र में होने के बिन्दु को स्पष्ट किया। मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के नियमित निदेशक के चयन में किये जा रहे विलम्ब पर अत्यन्त अप्रसन्नता वयक्त की गई और ए0आई0सी0टी0ई0 के मानकों के अनुसार ही पुनः नया विज्ञापन 03 दिन के अन्दर प्रकाशित कराकर निदेशक पद पर नियमित चयन की कार्यवाही अविलम्ब सुनिश्चित की जाय।

(स) प्रशासकीय परिषद द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से स्क्रीनिंग की ऑख्या प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। मा0 सदस्यों श्री श्रीगोपाल तुलस्यान एवं डा0 शिखा सिंह द्वारा मा0 प्रशासकीय परिषद को सातवें वेतनमान के ए0आई0सी0टी0ई0 के दिशा–निर्देशों के आधार पर, प्राप्त आवेदनों में अर्ह आवेदकों की संख्या के विषय में अवगत कराया गया।

(द) मा० प्रशासकीय परिषद द्वारा स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुति तत्काल शासन के संज्ञान में न लाने पर अत्यन्त अप्रसन्नता व्यक्त की गई और शासन के संस्तुतियों सहित आख्या शासन को दिनांक 21.01.2021 तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये जिससे नियमित निदेशक के पद पर चयन हेतु अग्रतर कार्यवाही अविलम्ब सुनिश्चित हो सके ।

(डा० मुकेश कुमार सिंह)
निदेशक एवं सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।
सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

(श्री कृपा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव एवं
प्रतिनिधि उपाध्यक्ष,
प्रशासकीय परिषद
उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी
संस्थान, कानपुर।
उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी, संस्थान, कानपुर